आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 05.02.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के आवासीय परिसर स्थित गोमती इंडोर स्टेडियम में जीएम कप अंतर विभागीय 7ए साईड (रात्रि) क्रिकेट प्रतियोगिता–2019 का शुभारंभ दिनांक 05.02.2019 को भव्य तरीके से किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ श्री सुनीत शर्मा, महाप्रबंधक के द्वारा किया गया । यह प्रतियोगिता दिनांक 05.02.2019 से 14.02.2019 तक आयोजित किया जायेगा ।

यह प्रतियोगिता आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के खेल–कूद संघ द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में आरेडिका, रायबरेली के विभिन्न विभागों के 18 टीम भाग ले रहें है, जिसमें आरेडिका के लगभग 180 कर्मचारी एवं अधिकारी सम्मिलित हैं। इस प्रतियोगिता में कुल 39 मैंच खेला जायेगा जिसे विभिन्न पूलों में विभाजित किया गया है।

आरेडिका में पिछले वर्ष भी इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें आरेडिका के कर्मचारियों ने बढ.–चढ. कर हिस्सा लिया था। कर्मचारियों के इसी उत्साह को देखते हुए इस वर्ष भी इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

ज्ञात हो कि आरेडिका, रायबरेली कोचों के उत्पादन के साथ–साथ कर्मचारियों के मनोरंजन के लिए भी इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन करता रहता है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों एवं बच्चों के स्वास्थ्य व खेल–कूद में अभिरुचि को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर महाप्रबंधक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की पतियोगिताऐं जहाँ कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है वहीं पूरी कॉलोनी के लिए बेहतर मानोरंजन का साधन भी है जिसे देख कर बच्चों के मन में खेलों में भाग लेने की रुचि बढ़ती है।

इस अवसर पर पीसीएमई श्री अनूप कुमार, पीएफए व खेल–कूद संघ के प्रेसिडेंट श्री दावा छेरिंग एवं सभी वरिष्ठ अधिकारी, पर्यवेक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

5/2/19

(आर.पी.शर्मा)
मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी